तिरंगे के रंग में रंगा इंदौर, आजादी के जश्न में बच्चों से बड़ों तक उत्साह

नवभारत न्यूज़

इंदौर. पूरा देश 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है और इंदौर भी देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है. सुबह से ही शहर में बच्चों से लेकर बड़ों तक में राष्ट्रीय पर्व को लेकर उत्साह है.

बाजारों में तिरंगे झंडों के साथ तिरंगे वाली टोपी, गमछा, टी-शर्ट, हेयरबैंड और रिस्टबैंड की मांग बनी हुई है. लोग घरों को सजाने के साथ खुद और बच्चों को भी तिरंगे के रंग में रंगकर आजादी का जश्न मना रहे हैं. तिरंगे से जुड़े सामान की बढ़ी मांग से दुकानदार भी उत्साहित हैं. दुकानदार मानस पाटनी ने बताया कि इस वर्ष पिछले साल की तुलना में कारोबार बेहतर रहा है. लोगों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह साफ नजर आ रहा है और बच्चे खास तौर पर तिरंगे वाली वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं.

तिरंगा देश की शान...

अपने बच्चों के लिए तिरंगा खरीदने पहुंचे गोपाल शर्मा ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है. हर भारतीय को इसके सम्मान और गौरव को बनाए रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि वह हर साल परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाते हैं.

ओम व्यास ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस उनके लिए किसी त्योहार से कम नहीं है. परिवार में मिठाई लाकर और पड़ोसियों के साथ खुशियां बांटकर वे इस राष्ट्रीय पर्व को मनाते हैं.

शहर के बाजारों में तिरंगे की बढ़ती मांग और लोगों के उत्साह ने माहौल को खास बना दिया है. आज इंदौर की गलियों से लेकर बाजारों तक देशभक्ति का रंग दिखाई दे रहा है और हर हाथ में तिरंगा, हर चेहरे पर आजादी के जश्न की खुशी नजर आ रही है.

धरती मां को लिखें चिट्ठी, बताएं कैसे बचाएंगे प्रकृति

इंदौर. प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संरक्षण का संदेश अब चिट्ठी के जरिए दिया जाएगा. भारतीय डाक विभाग ने 'अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान 2026-27' के तहत एक चिट्ठी धरती मां के नाम प्रकृति की रक्षा मेरा वादा' विषय पर पत्र लेखन प्रतियोगिता शुरू की है.

खास बात यह है कि इसमें हर उम्र के नागरिक हिस्सा ले सकते हैं. प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक और 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी गई हैं. पत्र हिन्दी, अंग्रेजी या स्थानीय भाषा में हस्तलिखित होना चाहिए. अंतर्देशीय पत्र में अधिकतम 500 और लिफाफे में 1000 शब्द लिखे जा सकेंगे. प्रविष्टियां 31 अक्टूबर 2026 तक प्रवर अधीक्षक डाकघर, इंदौर नगर संभाग, इंदौर-452007 के पते पर भेजी जा सकती हैं. मध्यप्रदेश स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में पहले तीन विजेताओं को 25 हजार, 10 हजार और 5 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा. चयनित प्रविष्टियां राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजी जाएंगी, जहां प्रथम तीन स्थानों पर 50 हजार, 25 हजार और 10 हजार रुपये दिए जाएंगे. प्रदेश स्तर के परिणाम 15 दिसंबर को घोषित होंगे. डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे कागज पर अपने विचार और संकल्प उतारकर प्रकृति संरक्षण की मुहिम से जुड़ें.

अधिकारियों ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं और तुरंत किया निराकरण

मामला मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शिविर का अधिकारियों ने शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शिविर में आज अधिकारियों ने जनता की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी. इस दौरान शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी किया गया. शिविर के साथ अधिकारियों ने क्षेत्र में शासकीय संस्थाओं, विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं का निरीक्षण भी किया. साथ ही सुधार के निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत आज विधानसभा 4 के झोन 15 द्रविड़ नगर क्षेत्र में स्थित उषाराजे परिसर, उषा नगर में शिविर लगाया गया. उक्त शिविर में विधानसभा -4 के झोन क्रमांक -2, 12, 14 एवं 15 के सभी वार्ड के रहवासियों की समस्याएं सुनी गईं. शिविर में मौके पर हल होने वाली शिकायतों का निराकरण किया गया. साथ ही उद्यम संवाद कार्यक्रम के तहत शिवम जैन और कपिल अग्रवाल ने सीधी चर्चा में सफलता के अनुभव साझा किए गए. जनसंवाद के दौरान सीएम हेल्पलाइन, इंदौर 311 ऐप, जल और सड़क संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया. साथ ही नागरिकों के आधार अपडेशन का कार्य भी किया गया. लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए. शिविर में कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई. शिविर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी लक्ष्मण गौड़, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति सहित जिला प्रशासन, नगर निगम एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

कलेक्टर ने किया बच्चों से संवाद

कलेक्टर शिवम वर्मा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शासकीय मालव कन्या विद्यालय एमओजी लाइन में बच्चियों से चर्चा की. उन्होंने चर्चा में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारियों ने भी स्कूल का निरीक्षण किया और परिसर में पौधारोपण भी किया गया.

उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर में अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान महूनाका स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय, शासकीय उचित मूल्य दुकान, संजीवनी क्लिनिक, वैष्णव पॉलिटेक्निक कॉलेज, आरोग्य अस्पताल, नेत्र अस्पताल, एमओजी लाइन स्थित ब्लड बैंक, स्कीम नंबर-71 स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान, महावर नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केसरबाग रोड स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय तथा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, सेवाओं की गुणवत्ता तथा हितग्राहियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेकर सुधार के निर्देश दिए.

एक नजर में

शिक्षा सारथी के तहत कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

इंदौर. बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा के मार्गदर्शन में कंपनी द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाता है. इनका उद्देश्य सीमेंट प्लांट की प्रगति के साथ-साथ आसपास के गांवों का समग्र विकास, किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाना तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य के अनुरूप एचआर हेड प्रदीप सिंह बघेल, एडमिन हेड राघवेन्द्र सिंह एवं सीएसआर हेड रंजीत प्रसाद के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शिक्षा सारथी कार्यक्रम के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठी प्रवेश परीक्षा कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया. इस पहल के तहत 6 गांवों के शासकीय विद्यालयों में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत 25 विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा. उद्घाटन अवसर पर एचआर हेड प्रदीप सिंह बघेल, एडमिन हेड राघवेन्द्र सिंह, सीएसआर मैनेजर विजय चौबे एवं अनामिका सिंह शिक्षकगण ग्राम पंचायतों के सरपंच, अभिभावक एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे. अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने तथा निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया.

आईटेल ने नई रेंज के साथ होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो बढ़ाया

इंदौर. भरोसेमंद और किफायती प्रोडक्ट्स के जरिए टेक्नोलॉजी को आम लोगों तक पहुंचाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड आईटेल ने वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज के साथ अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया है. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लॉन्च की गई इस नई रेंज के जरिए कंपनी आधुनिक तकनीक को भारतीय घरों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है। इसके साथ ही, आईटेल ने भारत में अपने नए टीवी पोर्टफोलियो को भी पेश किया है, जो कंपनी के स्मार्ट टीवी सेगमेंट में एक बड़ा बदलाव है. आईटेल इंडिया के सीईओ अरिजीत तलापात्रा ने कहा किफायती कीमत ग्राहकों को किसी प्रोडक्ट की ओर आकर्षित करती है, लेकिन भरोसेमंद परफॉर्मेंस उनका विश्वास जीतती है. इस स्वतंत्रता दिवस पर, जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, आईटेल रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोगी तकनीक पहुंचाने के अपने प्रयास जारी रखे हुए है. नए टीवी और वॉशिंग मशीन के साथ होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए हम लाखों भारतीय परिवारों को भरोसेमंद प्रोडक्ट, किफायती कीमत और 1,000 से अधिक सर्विस सेंटर के जरिए बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस का पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन

इंदौर. वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेडने 30 जून 2026 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की. वित्त-वर्ष 2027 की पहली तिमाही में अपने कारोबार के संचालन से कंपनी ने 158.32 करोड़ का रेवेन्यू दर्ज किया, जो वित्त-वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 69.01 करोड़ था. इस तरह कंपनी ने सालाना आधार पर 129.4% और तिमाही आधार पर 64.6% की बढ़ोतरी दर्ज की है. इस अवधि के दौरान कंपनी का मुनाफा 16.31 करोड़ रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के ?9.44 करोड़ के मुकाबले 72.8% ज्यादा है. कंपनी के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, अक्षय छाबड़ा ने कहा वित्त-वर्ष 27 की पहली तिमाही ऐसी तिमाही है, जिसमें हमारे विकास के दोनों इंजन पूरी तरह से काम करते दिख रहे हैं - ग्लोबल ह्यूमन सर्विसेज़, जो नेटकॉम बीसीसी के आने से और मज़बूत हुई है, और रसोनाइन के ज़रिए एजेंटिक एआई भी पहले से बेहतर हुआ है, और इसकी वजह से साल-दर-साल रेवेन्यू में दोगुने से ज्यादा हो गया है.

सैमसंग ने नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के साथ स्थिति मजबूत की

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज घोषणा की कि महाराष्ट्र के पुणे में फ्लाक्ट ग्रुप (एक सैमसंग कंपनी) द्वारा संचालित नई हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का काम पूरा हो गया है. इससे भारत और एशिया-पैसिफिक में तेजी से बढ़ रहे एआई डेटा सेंटर कूलिंग और एचवीएसी मार्केट में सैमसंग की स्थिति और मजबूत होगी. यह दोनों कंपनियों के एकीकरण और सैमसंग के ग्लोबल एआई बिजनेस को बढ़ाने की रणनीति में एक अहम पड़ाव है. डिजिटल एप्लायंस बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और हेड चेओल्गी किम ने कहा, भारत के पुणे में प्रोडक्शन लाइन का पूरा होना, भारत से बाहर व्यापक एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में हमारे एवीएसी सप्लाई को बढ़ाने की दिशा में एक अहम पड़ाव है. सैमसंग की एआई और प्लेटफॉर्म टेक्नोलॉजी को फ्लेक्ट ग्रुप की एवीएसी विशेषज्ञता के साथ मिलाकर, हम एआई डेटा सेंटर्स सहित कई तरह के ग्राहकों को बेहतरीन वैल्यू देंगे.

अमेज़न मेगा डील डेज़ पर दोबारा बचत करने का मौका

इंदौर. अमेज़न. इन ने मेगा डील डेज़ की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए स्मार्टफोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरणों, होम एंटरटेनमेंट, घर, रसोई, खेल, फिटनेस, रोज़मर्रा की ज़रूरतों और अन्य श्रेणियों में उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर शानदार डील्स और बचत लेकर आया है. ग्राहक वनप्लस, बोट, वोल्टास, सैमसंग, एक्वागार्ड, हिमालया समेत अन्य प्रमुख ब्रांडों पर सीमित समय के लिए उपलब्ध डील्स का लाभ उठा सकते हैं. इसके अतिरिक्त, ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के कार्ड से किए गए लेनदेन पर 10% की तत्काल छूट और चुनिंदा क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर बिना ब्याज की समान मासिक किस्तों का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम सदस्य दो लाख से अधिक उत्पादों पर अतिरिक्त 5% की छूट के साथ और अधिक बचत कर सकते हैं. ग्राहक अमेज़न नाउ पर कुछ ही मिनटों में डिलीवरी के साथ डील्स का लाभ उठा सकते हैं. अमेज़न नाउ कई शहरों में रोज़मर्रा की ज़रूरतों से जुड़े दसियों हज़ार उत्पाद उपलब्ध कराता है. इनमें किराने का सामान, फल एवं सब्ज़ियां, जमे हुए खाद्य पदार्थ, व्यक्तिगत देखभाल के उत्पाद, फैशन एवं सौंदर्य उत्पाद, छोटे घरेलू उपकरण, घर एवं रसोई के उत्पाद और अन्य सामान शामिल हैं, जिन्हें ग्राहकों के घर तक पहुंचाया जाता है.

देहदानी अन्नपूर्णा तिवारी का निधन

इंदौर. डॉ. यू.एस. तिवारी, सुनील कुमार तिवारी, राजेंद्र कुमार तिवारी व ज्योति जैन की माताजी नैत्र दानी एवं देहदानी अन्नपूर्णा तिवारी (उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं हेतु महामहीम राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित नाइटिंगल पुरुस्कार से सम्मानित) का देहावसान 14 अगस्त को हो गया है. परिजनों द्वारा पार्थिव देह का दान महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज,इंदौर को किया गया है. शोक बैठक रविवार 16 अगस्त को शाम 4 से 6 बजे तक माँ आनंदमयी आश्रम,सुयश हॉस्पिटल के सामने,ए-बी रोड, इंदौर पर रखी गई है.



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

सभी देशवासियों को
80वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

आप सबको आजादी के इस महान पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही मंत्र है- विकसित भारत। विकसित भारत बनाने के लिए ना हम रुकेंगे, ना हम झुकेंगे, और 2047 में विकसित भारत बना कर रहेंगे।

- नरेन्द्र मोदी

CBC 22201/13/0019/2627

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर।